Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to establish an Agriculture University in Giridih, Jharkhand.

*01

श्री रवीन्द्र कुमार राय (कोडरमा): झारखंड के उत्तरी छोटा नागपुर का क्षेत्र मूल रूप से कृषि प्रधान क्षेत्र है। गिरिडीह के आसपास कोडरमा, हजारीबाग, बोकारो, धनबाद के साथ-साथ संथाल परगना के देवघर जामताड़ा तथा समस्त संथाल परगना का सीमा क्षेत्र है।

झारखंड का यह भाग तथा यहां की जनता पूरी तरह अभी कृषि पर आधारित जीवन जीती है। इस क्षेत्र में कृषि को आर्थिक जीवन का केन्द्र बिन्दु मानकर अधिकांश परिवार जीवन बसर करते हैं। यहां के स्थानीय क्षेत्रों में भी कृषि के प्रति रूचि है, झारखंड राज्य के विशेषकर गिरिडीह तथा आसपास के जिलों के छात्र दूसरे राज्यों में कृषि के अध्ययन के लिए जा रहे हैं।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि झारखंड राज्य के गिरिडीह जिले में एक कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना की जाए।